संक्षिप्त

कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

टोंक। घाड थाना क्षेत्र में पुरानी उधारी के पैसे मांगने पर एक व्यक्ति पर युवक ने कुल्हाडी से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घाड थाना में 11 मई को परिवादी लादूराम पुत्र भंवरलाल गुर्जर उम्र 41 वर्ष ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 11 मई को जब वह काम पर जा रहा था, तब रास्ते में उसे प्रहलाद पुत्र लक्ष्मण जाट ने अपने 5 साल से लंबित चल रहे 1 लाख 18 हजार रुपए के पुराने बकाया की मांग की। जिसके बाद पैसे मांगने की बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और आरोपी प्रहलाद गाली-गलौज करने लगा तथा विवाद ज्यादा बढने पर प्रहलाद के बेटे मनीष ने पीछे से आकर लादूराम के सिर पर कुल्हाडी से हमला कर दिया। हमले में लादूराम का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद रामसहाय पुत्र बंशीलाल गुर्जर ने बीच-बचाव कर लादूराम की जान बचाई, पीडित ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। घटना में घाड थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच प्रारम्भ कर पुलिस ने पीडित का मेडिकल मुआयना करवाकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

निवाई। जांगिड़ ब्राह्मण समाज छात्रावास में श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की बैठक समिति अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड़ हरभगतपुरा बांसडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से छात्रावास के रुके हुए विकास कार्य को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जेतपुरा, पूर्व सचिव मनीष बहकवा व पूर्व कोषाध्यक्ष मुकेश किवाड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कोषाध्यक्ष कजोड़मल सिरोही व सचिव शंकरलाल खंडवा को समिति के महत्वपूर्ण दस्तावेज सुपुर्द कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समिति के संरक्षक शिवजीराम बिडोली, नारायण भुरटिया, सुरेश खारीकुई, हनुमान भरथल, सदस्य रामकेदार प्यावडी व प्रचारमंत्री शम्भूदयाल जुवाड सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

टपूकड़ा में सीएम की सभा15 को, प्रत्येक बूथ से 50-50 कार्यकर्ता ले जाने का आव्हान

किशनगढ़ बास/कोटकासिम। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय कोटकासिम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 15 मई को टपूकड़ा में आयोजित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विशाल सभा की तैयारियों पर चर्चा की।

बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अलवर व खैरथल-तिजारा जिले को 1000 करोड रुपये की सौगात दी जाएगी। इसमें कई विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाएगा।

उन्होंने प्रत्येक बूथ से 50-50 कार्यकर्ताओं को बस द्वारा सभा स्थल टपूकडा पहुंचाने का आव्हान किया। यादव ने राज्य सरकार की ग्रामीण रथ योजना पर भी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में जो भी विकास कार्य अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। आने वाले दिनों में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनिवास यादव, मंडल अध्यक्ष यशपाल शर्मा, पूर्व सरपंच धनपत सिंह यादव, मंडल महामंत्री अनिल गुप्ता, रामपत मेघवाल, धर्म सिंह गुरुजी, पूर्व सरपंच भोम सिंह चौहान, करण सिंह यादव, सतीश पहलवान, छत्तर दादा, विक्रम सिंह जाट, विनोद यादव, समाजसेवी बृजमोहन यादव, अजीत सिंह डायरेक्टर, राजेंद्र नागा, शमशेर सिंह, कुलदीप यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कोटकासिम में भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता लेकर जाने पर चर्चा की ।

- पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कोटकासिम में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।
- ग्रामीण रथ योजना पर भी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

निवाई। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के सान्निध्य में पोषण अभियान के तहत आयोजित पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य थीम जीवन के प्रथम 1000 दिनों में अधिकतम विकास रही, जिसके अंतर्गत परिवार एवं समुदाय स्तर पर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पोषाहार एवं न्यूट्री किट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाकर उनके ऊपरी आहार की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री संगीता दीपक, ब्लॉक कोर्डिनेटर सूरज चौधरी एवं पर्यवेक्षक अनुजा शर्मा सहित समस्त महिला पर्यवेक्षक एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने पोषण, स्वास्थ्य व बाल विकास के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

नदबई ज्वैलर लूट व हत्या कांड में एक और षड्यंत्रकारी पकड़ा

भरतपुर (निस)। नदबई कस्बे में सर्राफा व्यापारी स्वर्गीय योगेन्द्र चौपडा की लूट और हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी श्यामवीर को प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।भरतपुर जिले के नदबई कस्बे में 25 मार्च 2026 को सर्राफा व्यापारी स्वर्गीय योगेन्द्र चौपडा के साथ हुई ज्वैलरी लूट और हत्या की सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने एक और षड्यंत्रकारी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई के पर्यवेक्षण तथा जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देशन में गठित विशेष पुलिस टीमों द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी श्यामवीर पुत्र गुलाब सिंह, उम्र 34 वर्ष, निवासी रंजीतपुरा थाना शमसाबाद जिला आगरा हाल सूबेदार का पुरा थाना खेड़ा राठौड़ जिला आगरा को प्रोटेक्शन वारंट पर कारागृह सेवर से गिरफ्तार किया गया है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस द्वारा रेंज स्तर पर कई विशेष टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान करीब 1000 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा लगभग 750 संदिग्धों की सीडीआर और 350 आईपीडीआर रिपोर्ट का गहन विश्लेषण किया गया। इसके अलावा एजीटीएफ एवं यूपी एसटीएफ से भी इनपुट लिए गए। तकनीकी टीमों और आसूचना तंत्र की मदद से पुलिस लगातार आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। मृतक के भाई रूपेश पुत्र शांतिस्वरूप निवासी पंजाबी मोहल्ला, नदबई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भाई योगेन्द्र चौपड़ा नगर तिराहे पर स्थित चौपडा ज्वैलर्स नामक दुकान संचालित करते थे। 25 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। उनके पास दो हरे रंग के थैलों में सोने-चांदी के जेवरात, नकदी एवं दुकान की बहियां थीं। रिपोर्ट के अनुसार पंजाबी कॉलोनी में अशोक शर्मा पार्षद के घर के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा कर उन्हें रोक लिया और जेवरात से भरे बैग छीनने का प्रयास किया।

- पुलिस ने आरोपी श्यामवीर को प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। भरतपुर जिले के नदबई कस्बे में 25 मार्च 2026 को सर्राफा व्यापारी स्वर्गीय योगेन्द्र चौपडा के साथ हुई ज्वैलरी लूट और हत्या की सनसनीखेज वारदात हुई थी

शिक्षकों का सद्बुद्धि यज्ञ

निवाई। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के तत्वावधान में अवकाश कटौती के विरोध में सद्बुद्धि यज्ञ एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं एवं अवकाश कटौती के निर्णय के विरोध में प्रदेश संगठन के आ ान पर यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षामंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने व शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक वर्ग सदैव शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य करता रहा है, लेकिन लगातार लिए जा रहे निर्णयों से शिक्षकों में असंतोष बढ रहा है। संगठन ने सरकार से शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए अवकाश कटौती संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री हनुमानप्रसाद बैरवा, जिला मंत्री मुकेशकुमार मीणा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह, पीपलू तहसील अध्यक्ष मोरपाल गुर्जर, मंत्री हेमराज माली, निवाई तहसील मंत्री ताराचंद बैरवा व जिला प्रवक्ता दिनकर विजयवर्गीय सहित अन्य जिला पदाधिकारी, शिक्षक प्रतिनिधि एवं कई शिक्षक मौजूद थे।

सार-समाचार

बढ़ते तापमान के मद्देनजर पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

निवाई। भीषण गर्मी व बढते तापमान को देखते हुए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधे। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर एवं उपखंड अधिकारी कार्यालय के विभिन्न स्थानों पर पेडों पर पानी के परिंडे लगाकर बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने का संदेश दिया। इस दौरान न्यायाधीश रवींद्र प्रताप सिंह एवं अंजली सिंह ने पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करते हुए आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने की अपील की। उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने कहा कि पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानवता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास है। ऐसे छोटे-छोटे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ आने वाली पीढियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि गर्मी के मौसम में थोड़ी सी जागरूकता हजारों पक्षियों के जीवन को बचा सकती है। उन्होंने लोगों से अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर पानी के बर्तन रखने की अपील की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट कन्हैयालाल मीणा, एडवोकेट नरेंद्र चौधरी, महासचिव रामजीलाल जाट, एडवोकेट दयाराम गुर्जर, तेजभंवर सिंह, रामेश्वर जाट, बनवारीलाल यादव, किशन सैनी, विनोद जाट, राकेश कुमार मिश्रा, अशोक लांगडी, अंकित चौधरी व कोमल चौधरी सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

हरिनारायण चोमियां बने निर्माण समिति अध्यक्ष

निवाई। रैगर महासभा मांडकला की बैठक नानूलाल बालून्दा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्व सम्मति से धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष पद पर हरिनारायण चोमियां पलाई मनोनीत किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि कार्यकारणी में उपाध्यक्ष नानूलाल बालून्दा नगरफोर्ट, महासचिव सुनील इंदौरिया, कोषाध्यक्ष अशोककुमार इंदौरिया एवं सचिव के पद पर शिवलाल बारोलिया बालापुरा को मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि तहसील उनियारा, नगरफोर्ट एवं दूनी से भी निर्माण समिति मे सदस्य बनाये गए। बैठक में भामाशाह शंकरलाल बांसिवाल फुलेता एवं मदनलाल पलाई को समाज में सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि माण्डकलां धर्मशाला निर्माण के लिए 5100 या उससे अधिक आर्थिक सहयोग करने वालें भामाशाहों का नाम शिलालेख पत्थर पर अंकित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासभा के 76 नवीन सदस्य बनाए गए। निर्माण समिति अध्यक्ष हरिनारायण पलाई एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज के लोगों को साथ लेकर धर्मशाला निर्माण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। बैठक में रामगोपाल सोंकरिया, महेन्द्र मंडरावलिया, रामपाल बांसोटिया, लादू लाल, रामस्वरूप, किशन लाल, रणजीत, राजेश देवतवाल, रामलाल देवतवाल, लेखराज, किशन लाल, कैलाश, गोपाल, रामप्रकाश, शिवपाल बारोलिया, प्रकाशचंद, मदन लाल व अमित थलहेटिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

टोंक में सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

टोंक । दतवास थाना क्षेत्र में हिंगोनिया मोड के पास एक सडक हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान मोटरसाईकिल ट्रक की भिड़ंत होने से हादसा हो गया। दतवास थानाधिकारी हीरालाल ने बताया कि मृतकों की पहचान दौसा जिले के झापदा थाना क्षेत्र के समेल निवासी मुकेश पुत्र रामसहाय मीणा और उनकी पत्नी श्रीमती छोटी के रूप में हुई है। हादसे के बाद दौसा-कोथून हाईवे पर जाम लग गया, जिसे बाद में सुचारू रूप से चालू कराया गया। एंबुलेंस की सहायता से दोनों शवों को चाकसू अस्पताल रवाना किया गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया था, हालांकि, हरभांवता टोल पर पुलिस ने चालक और ट्रक दोनों को पकड लिया। ट्रक को टोल पर सुरक्षित खड़ा करा दिया गया है।

भरतपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज को आरआईटी में क्रमोन्नत करने की मांग

भरतपुर (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरआईटी) में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज के क्रमोन्नयन का प्रस्ताव राज्य सरकार स्तर पर लम्बे समय से लंबित है, जिसे शीघ्र स्वीकृत कर आवश्यक आदेश जारी किए जाने चाहिए। निदेशक गुप्ता ने पत्र में उल्लेख किया गया है कि राजस्थान के अधिकांश संभाग मुख्यालयों पर किसी न किसी प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी एवं प्रशिक्षण संस्थान उपलब्ध हैं, किन्तु भरतपुर संभाग मुख्यालय पर अब तक ऐसा कोई संस्थान स्थापित नहीं हो पाया है। इसके अभाव में यहां के युवाओं को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर नहीं मिल पाते, जिससे वे रोजगार एवं प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में पिछड जाते हैं।

सीताराम गुप्ता ने कहा कि यदि भरतपुर के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को आरआईटी में क्रमोन्नत कर दिया जाता है तो यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीनतम तकनीकी ज्ञान, अनुसंधान आधारित शिक्षा तथा आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि भरतपुर क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान इंजीनियरिंग कॉलेज में आरआईटी के संचालन हेतु आवश्यक आधारभूत संसाधन और अधोसंरचना पहले से ही उपलब्ध है। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान के अभाव में भरतपुर के अनेक युवाओं को शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर पलायन करना पडता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई विद्यार्थी उच्च तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

- समृद्ध भारत अभियान के निदेशक ने सरकार को लिखा पत्र

विश्वास पारीक बने मीडिया प्रभारी

निवाई। पारीक सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है। समिति अध्यक्ष भागीरथ पारीक ने अनुभवी व युवा चेहरों के सामंजस्य के साथ नई टीम की घोषणा की है। अध्यक्ष भागीरथ पारीक ने बताया कि कार्यकारिणी में सीताराम जोशी, नवल किशोर, पुरुषोत्तम, बद्री रामका, रमाकांत व रामकिशन लाछड को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रघुवीर पारीक, गोपाल लाछड, सुरेश और जयप्रकाश पारीक बंपुई को नियुक्त किया गया है। वहीं कैलाश रामका, कुलदीप जोशी, योगेंद्र व अनिल पारीक सिरस को उपाध्यक्ष बनाया गया। मनीष कैसोट को महामंत्री व रवि सिरस, व दुष्यंत पारीक को मंत्री,चेतन पारीक को कोषाध्यक्ष व विश्वास पारीक को मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया है।

आपराधिक प्रवृति के 4 वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली। निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने 03 दिवसीय विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुये गंभीर आपराधिक प्रवृति के करीब 02 साल से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 26 फरवरी को नरेश घांघल (21) पुत्र मूलाराम गुर्जर निवासी जैनपुरबास द्वारा दर्ज मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में सुरेश उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान (32) पुत्र किशोरी लाल जाति ब्राह्मण निवासी रानीसती रोड रामलीला मैदान देव गैस गोदाम बालाजी मंदिर के पास वार्ड नं. 28 सीकर, कुलदीप (27) पुत्र सांवलराम गुर्जर निवासी बंधा की ढाणी तन पपुरना पुलिस थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू, साहुल कुमार (21) पुत्र राजू मेघवाल निवासी बीलवा पुलिस थाना खेतडी जिला झून्झनू व प्रताप सिंह (22) पुत्र बनवारी लाल गुर्जर निवासी बीलवा पुलिस थाना खेतडी जिला झून्झनू को गिरफ्तार कर अनुसंधान कर घटना में प्रयुक्त आलायजरब वजह सबूत जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया (35) पुत्र घीसाराम गुर्जर निवासी मोरदा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसकी काफी तलाश कर दस्तयाब नहीं होने पर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेष किया गया। वांछित आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया को तकनीकी व मुखबीर की सहायता से तलाश कर गिरफ्तार किया गया। मामले में एक लोहे का हथौड़ा, लोहे की दो पाईप, एक देशी कट्टा, घटना में इस्तेमाल बोलेरो गाडी को बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी नरेश घांघल व आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया दोनों जसराम गैंग के सक्रिय सदस्य है। जसराम गुर्जर की मृत्यु होने पर उसकी आपराधिक गैग को चलाने के लिये नरेश घांघल व आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया में आपस में वर्चस्व उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान से अपने साथियो के साथ नरेश घांघल पर जानलेवा हमला कर मारपीट कर की लडाई हो गई तथा दोनां एक दुसरे से रंजिश रखने लग गये। जिस पर आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया ने अपने साथी सुरेश उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान से मिलकर योजना बनाकर सुरेश के पैर तुडवा दिये। जिस पर थाना पनियाला में प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया के दस्तयाबी के दौरान उसका साथी सुरेश उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान भी आरोपी के साथ में मिला। उक्त दोनों बदमाश प्रवृति के व्यक्ति है, जिनके खिलाफ कई संगीन धाराओं के आपराधिक प्रकरण दर्ज है, जो साथ में कोई योजना बनाकर आपराधिक घटना कारित कर सकते थे, इस प्रकार आरोपी रामफल उर्फ दारासिंह उर्फ धारिया के साथी सुरेश पण्डित उर्फ जीवरान को गिरफ्तार कर राजस्थान के समस्त थानों में संदेश भिजवाया गया। जिस पर सुरेश उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान थाना उद्योग नगर जिला सीकर का स्थाई वारण्टी होने से एसडीएम न्यायालय कोटपूतली में पेश करने पर जमानत के उपरान्त उद्योग नगर पुलिस जिला सीकर ने सुरेश उर्फ पण्डित उर्फ जीवरान को अपने स्थाई वारण्ट में दस्तयाब किया।

- पनियाला थाना पुलिस ने 03 दिवसीय विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुये गंभीर आपराधिक प्रवृति के करीब 02 साल से फरार वांछित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं

अस्पताल के पीछे का द्वार बंद नहीं करने की मांग

कोटपूतली। कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित द्वार को बंद किये जाने के विरोध में मंगलवार को स्थानीय निवासियों व ठामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ठामीणों का कहना है कि यदि यह द्वार बंद किया गया तो मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । ज्ञापन में बताया कि अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर स्थित है। मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के दबाव के कारण वहां अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में गंभीर मरीजों को मुख्य द्वार से अस्पताल ले जाना जोखिम भरा होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हजारों लोगों के लिये सुलभ रास्ता : स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल का पिछला द्वार खुला रहने से चंद्रदास कॉलोनी, मानसरोवर विहार, काशीपुरा और आसपास के दर्जनों गांवों से आने वाले मरीजों को सीधे अस्पताल पहुँचने में आसानी होती है। यह रास्ता पैदल आने वाले मरीजों के लिए एक सुरक्षित और सुलभ विकल्प है। इस दौरान रामस्वरूप सैनी, लक्ष्मण मास्टर, मिथलेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, लक्ष्मण मीणा, सुन्दर लाल सैनी, लालाराम सैनी व महावीर प्रसाद सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

देवली बस स्टैंड के बुकिंग स्थल की तस्वीर बदली

देवली । अगर सरकारी अधिकारी या कर्मचारी अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी को आमजन के प्रति कर्तव्य और निष्ठा के साथ करता चला जाए तो उस स्थान की तस्वीर बदलते समय नहीं लगता है । यहां रोडवेज कर्मचारी राकेश शर्मा ने यह करके दिखा दिया है। जहां ऐसे अधिकारी या कर्मचारी अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। वहां का हर नागरिक ऐसे अधिकारी या कर्मचारी के सम्मान में कोई कोर कसर भी नहीं छोडता। तो वही ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद भी मिसाल के रूप में याद रखा जाता है। देवली शहर के बुकिंग कर्मचारी राकेश शर्मा ने कुछ ऐसा ही करके दिखाया है। जी हा देवली शहर के राजस्थान रोडवेज बुकिंग पर कार्यरत कर्मचारी राकेश शर्मा ने अपने प्रयास और भामाशाहों के सहयोग से देवली बस स्टैंड की बुकिंग स्थल की तस्वीर बदल कर रख दी है। अभी कुछ ही साल पहले देवली शहर के जिस बस स्टैंड की बुकिंग स्थल पर गंदगी का आलम बना रहता था। इस बुकिंग परिसर में जानवर भी बैठना पसंद नहीं करते थे। लेकिन आज इस बुकिंग स्थल को राकेश शर्मा ने अपने प्रयासों से साफ सफाई रखवाते हुए राहगीरों के लिए सुविधाओं युक्त बनाकर उक्त स्थल को यात्रियों का आरामगाह बना डाला है । अब यहां राहगीर को भामाशाहों और रोडवेज कर्मचारी राकेश शर्मा के निष्ठावान सेवा का लाभ बराबर मिल रहा है। देखने वाली बात तो यह है कि दूर दराज से आने वाले यात्री बिना परेशानी के अपनी अपनी दूरी की बसों के इंतजार में आसानी से अपना समय व्यक्त कर लेते हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान रोडवेज के कर्मचारी राकेश शर्मा लगभग तीन से चार साल पहले यहां ड्यूटी पर तैनात हुए थे। तब उक्त कर्मचारी ने देखा कि बुकिंग परिसर में गंदगी का आलम बना हुआ है। और यात्रियों के लिए पीने योग्य पानी तक उपलब्ध नहीं है। इस पर रोडवेज कर्मचारी राकेश शर्मा चिंतित हो उठे और टिकट बुकिंग कक्ष मै अपनी ड्यूटी करने के साथ-साथ उक्त बुकिंग परिसर को अपना घर समझ लिया। और इसी के साथ दूर दराज से आने वाले यात्रियों के लिए साफ सफाई की व्यवस्था बनाने के साथ-साथ पीने के पानी वाटर कूलर, कूलर पंखे, सुरक्षा की दृष्टि से बुकिंग परिसर में चारों ओर सुरक्षा जाल, रोडवेज बसों के आवागमन की समय सारणी इत्यादि सुविधाऐ भामाशाहों के सहयोग से मुहैया करवा दी। उक्त कर्मचारी की उच्च सोच और निष्ठावान सेवा का आज मुसाफिर लाभ उठा रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग 4 वर्ष पहले की अपेक्षा मै देवली शहर के बस स्टैंड का बुकिंग परिसर आज बहुत साफ सुथरा और सुविधा युक्त बना हुआ है,। इसका सीधा-सीधा श्रेय रोडवेज कर्मचारी राकेश शर्मा और भामाशाहों को जाता है। जिन्होंने निस्वार्थ सेवा करते हुए यात्रियों को सुख सुविधा पहुंचाई है। रोडवेज कर्मचारी राकेश शर्मा की निष्ठावान सेवा को देखकर। शहर के कई भामाशाहों ने बुकिंग परिसर में आम सुविधाओं का सहयोग प्रदान किया है । आपको बता दें कि पहले देवली बस स्टैंड के बुकिंग परिसर में बैठने की व्यवस्था तक नहीं थी। और तो और बुकिंग परिसर में हर समय गंदगी बनी रहती थी। इतना ही नहीं यात्री पीने योग्य पानी के लिए भटकते रहते थे । लेकिन अब यहां बस स्टैंड के अंदर यात्रियों के लिए बैठने की पूरी माकूल व्यवस्था बनी हुई है ।साथ ही यात्रियों को वाटर कूलर पंखे, कूलर और रात्रि में रोशनी की पूरी पूरी सुविधाऐ मिल रही।

दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

पावटा। जिला कोटपूतली-बहरोड में अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रागपुरा पुलिस एवं माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली मय बजरी जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड सतवीर सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नाजिम अली के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में की गई। संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली मय बजरी जब्त किए। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार अवैध खनन में शामिल आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। कार्रवाई में पुलिस टीम प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम, कांस्टेबल रामानन्द, महेश कुमार, लोकेश कुमार शामिल रहे।

सांसद सीपी जोशी का छान में भव्य स्वागत

टोंक । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी का छान में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । इस मौके पर जोशी ने कहा कि ग्राम रथ अभियान ग्रामीण विकास को बढावा देने और सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरु किया गया है। इस अभियान से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल व प्रभावी रूप से पहुंच जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि कोई पात्र व्यक्ति सरकार की जनहितैषी योजनाओं से वंचित न रह सके। जोशी ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार की जनकल्याणकारी के बारे जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में यह बड़ा अभियान है । इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष नंदलाल जाट, किशन गोपाल जाट, शंभू शर्मा,देवराज गुर्जर, चरण सिंह चौधरी, पिंटू बना, कृष्ण गोपाल शर्मा, मुकेलेश मीणा, लोकेश शर्मा, मूल सिंह, बालाबक्स गुर्जर, महावीर गुर्जर, हनुमान सिंह सोलंकी गोपाल कुमावत, महेश करीमपुरा, आसाराम चौधरी, प्रधान जाट, लक्ष्मी नारायण , नवरत्न वर्मा रमेश गुर्जर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी का छान में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया ।

- ग्राम रथ अभियान ग्रामीण विकास को बढावा देने और सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरु किया गया है। इस अभियान से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल रूप से पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम व सीएम का उद्देश्य योजनाओं को अंतिम छोर पहुंचाना है